हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 30 अप्रैल 2024

04 देवास लोकसभा के तीनों प्रेक्षकों ने चुनावी ...



07 राज्यमंत्री टेटवाल ने सिविल अस्पताल ...





## खबर संक्षेप

### नीट : सिटी इंटीमेशन स्लिप की जारी

**सीहोर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित होने वाली नीट यूजी-2024 की सिटी इंटीमेशन स्लिप जारी कर दी है। एनटीए ने यह स्पष्ट किया है कि छात्र इसे एडमिट कार्ड न समझें। एडमिट कार्ड परीक्षा से कुछ दिन पहले ही जारी किए जाएंगे। परीक्षा 5 मई को दोपहर 2 से शाम 5.20 बजे तक आयोजित की जाएगी। उम्मीदवार एप्लीकेशन नंबर और जन्म तारीख डालकर इंटीमेशन स्लिप डाउनलोड कर सकते हैं। इससे छात्र संबंधित शहर में आने व जाने की बुकिंग करवा सकते हैं।

### रिसर्च ऑफिसर पदों पर निकाली भर्ती

**सीहोर।** नाबार्ड बैंकर्स इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल डेवलपमेंट ने रिसर्च ऑफिसर के पदों पर भर्ती निकाली है। इन पर भर्ती के लिए उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट nabard.org पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। शैक्षणिक योग्यता के तहत मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय, अनुसंधान संस्थान से पीजी की डिग्री, अर्थशास्त्र, विकास अध्ययन, सांख्यिकी, डेटा-विज्ञान के क्षेत्र में पीजी डिग्री संबंधित विषय में एमफिल या समकक्ष अर्थशास्त्र, माइक्रो फाइनेंस, विकास अध्ययन के क्षेत्र में रिसर्च करने का कम से कम दो साल का अनुभव होना चाहिए।

### लोक अदालत 11 मई को, निपटेंगे प्रकरण

**सीहोर।** जिले में नेशनल लोक अदालत 11 मई को आयोजित की जाएगी। इसमें आपसी सहमति के आधार पर प्रकरणों का निराकरण होगा। नेशनल लोक अदालत के तहत जिला न्यायालय, श्रम न्यायालय, परिवार न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत लगेगी।

### 15 मई तक होगी अंकों की प्रविष्टि

**सीहोर।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 2023-24 में कक्षा 9वीं-11वीं के लिए अंक प्रविष्टि की तारीख बढ़ा दी है। अब यह 15 मई तक की जा सकेगी। इससे पहले अंकों की प्रविष्टि की अंतिम तारीख 15 अप्रैल थी। जो छात्र इन कक्षाओं को पास कर चुके हैं उन्हें अपने नंबर पोर्टल के माध्यम से मंडल को भेजना होते हैं। इसके लिए अंकों की एंट्री ऑनलाइन करनी होती है। अब इसके लिए समय अवधि बढ़ा दी है।

### डिप्लोमा फार्मेसी सेकंड ईयर परीक्षा 20 से

**सीहोर।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) की डिप्लोमा फार्मेसी के सेकंड ईयर की परीक्षा के लिए टाइम टेबल जारी कर दिया है। परीक्षा 20 मई से शुरु होगी। परीक्षा का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे रहेगा। परीक्षा का टाइमटेबल लोकसभा चुनाव को देखते हुए तैयार किया गया है। बता दें कि प्रदेश में चार चरणों में चुनाव 13 मई तक समाप्त हो जाएगा। इसके बाद 6 दिन का समय मिलेगा, जिसमें जरूरी तैयारी पूरी कर ली जाएंगी।

## नहीं हो रही कार्रवाई: नरवाई जलाने से ग्लोबल वार्मिंग में असर पड़ता है, यह वायुमंडल के लिए खतरनाक

# प्रतिबंध के बाद भी जल रही नरवाई : किसानों को भी है नुकसान, मिट्टी के मित्र जीवी कीट खत्म हो जाते हैं

नरवाई जलाने से किसानों को भी बहुत नुकसान है। नरवाई जलाने से इसके धुएं की वजह से मनुष्य जीवन और स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर


प्रतिबंध के बाद भी जिले में किसानों द्वारा नरवाई जलाई जा रही है। नरवाई की वजह से कई बार बड़ी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। इसके किसानों द्वारा नरवाई जलाना बंद नहीं किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक वर्तमान में फसल की कटाई पूरी हो चुकी है। इस बीच नरवाई जलाने की घटनाएं रोज सामने आ रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में शाम के बाद ही नरवाई जल रही है। नरवाई जलाने की वजह से अन्य नुकसान भी हो रहे हैं।

### नरवाई जलाने से किसानों को भी है नुकसान

नरवाई जलाने से किसानों को भी बहुत नुकसान है। नरवाई जलाने से इसके धुएं की वजह से मनुष्य जीवन और स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। आग की वजह से मिट्टी के मित्र जीवी कीट खत्म हो जाते हैं, इससे उपजाऊ पन भी प्रभाव पड़ता है। इससे पर्यावरण भी दूषित होता है। इसके बाद भी किसान खेतों को साफ करने के लिए नरवाई में आग लगा रहे हैं।

**आपदा अधिनियम के तहत कार्रवाई का प्रावधान :** नरवाई में आग लगाए जाने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत संबंधितों पर कार्रवाई का प्रावधान है। इसके तहत संपूर्ण जिले की सीमा में कोई भी व्यक्ति नरवाई नहीं जलाता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कृषि विज्ञानी डॉ. केएस यादव का कहना है कि नरवाई जलाने से धुआं निकलता है जिससे वायुमंडल में प्रदूषण होता है। नरवाई की आग से भूमि में रहने वाले लाभकारी बैक्टीरिया, सूक्ष्म जीव जलकर नष्ट हो जाते हैं। खेतों की मिट्टी कड़क हो जाती है, जिससे उपजाऊ क्षमता कम हो जाती है। नरवाई जलाने से ग्लोबल वार्मिंग में असर पड़ता है। यह वायुमंडल के लिए खतरनाक है। किसान नरवाई जलाने की जगह यदि स्ट्रारीपर यंत्र का उपयोग करे तो ज्यादा बेहतर है। इस यंत्र से नरवाई से भूसा तैयार किया जा सकता है। इससे भूसे की मात्रा बढ़ेगी। गेहूं कटाई के दौरान किसान नीचे से कटाई करें। हम अपने खेत में फसल कटने के बाद नरवाई का भूसा बना लेते हैं।





**सीहोर।** गणेश मंदिर रोड पर रविवार नरवाई की आग ने पेड़ों को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें एक बड़ा बरगद का पेड़ भी शामिल था।



**सीहोर।** किसानों ने सैकड़ाखेड़ी रोड पर नरवाई में आग लगा दी। आग से खेतों के मेढ़ पर लगे कई हरे-भरे पेड़ जल गए।

### हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉरीपर का उपयोग अनिवार्य, किसानों को जागरूक करेंगे

जिले में बिना स्ट्रॉरीपर के हार्वेस्टर से फसल कटाई पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा है, लेकिन इसका मखौल उड़ाया जा रहा है। प्रशासन ने हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉरीपर के उपयोग को अनिवार्य किए जाने एंव रीपर कम्बाइन्डर के उपयोग को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। इसके लिए कृषि विभाग के सहयोग से किसानों को जागरूक किया जाएगा। कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में कृषि विभाग के अधिकारी किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लिए उपयोगी मशीनें जैसे हैप्पी सीडर, जीरो ट्रिल सीड ड्रिल, रिमर्सिवल प्लाऊ. स्ट्रॉरीपर रेक, वेलर एंव ग्रेडर आदि यंत्रों के क्रय व उपयोग के लिए प्रेरित करेंगे। उप संचालक कृषि केके पांडे के मुताबिक इस मशीनों के उपयोग से गर्मियों में लगने वाली आग की दुर्घटनाओं से होने वाले जन-धन के नुकसान पर भी प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है। ऐसे क्षेत्रों में जहां कम्बाइन हार्वेस्टर से गेहूं की फसल कटाई की जा रही है, वहां पर हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉरीपर के उपयोग को भूसा बनाने के लिए अनिवार्य किया गया है।

## दबंग ने परिवार को घर से निकाला: पुलिस ने तोड़ा ताला, डर के कारण अब लोग नहीं आ रहे घर वापस

**सीहोर।** जिले के ग्राम नोनीखेड़ी में दबंगों का आतंक हावी है। ऐसे में गांव के दबंग वीरेंद्र यादव ने एक परिवार को उनके घर से ही बेदखल कर दिया। पीड़ित परिवार के अनुसार, वीरेंद्र का परिवार आए दिन ग्रामीणों को अपने जाल में फंसाते और फिर पैसों का लेनदेन करते हैं। ऐसे से में लोग घर या जमीन से धोखा खा बैठते हैं। दीनदयाल शर्मा (पीड़ित) ने बताया कि दबंग ने जमीन के सौदे में 25 हजार के कमीशन के बदले 4 लाख की मांग की और इसी बात को लेकर आए दिन मुझे और परिवार को धमकाने लगे। इतना ही नहीं 15 दिन पहले मुझे परिवार सहित घर से बेदखल कर उस पर ताला लगा दिया।

अपने घर से बेदखल दीनदयाल ओर उसका परिवार ने कोतवाली में शिकायत दर्ज की। सोमवार को कोतवाली पुलिस ने मामले की गंभीरता समझते हुए एक दल गांव भेजकर ताला तोड़ा और परिवार को घर वापस दिलाया। वहीं मौके पर पंचनामा बनाया और 294, 327, 506 की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। वहीं आरोपी अभी फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है।



### परिवार में अभी भी खौफ, गांव छोड़ा

इधर पुलिस के गांव से जाते ही दीनदयाल के परिवार पर दबंगों का इतना खौफ है कि वो पुलिस के रवाना होते ही सीहोर आ गए। दीनदयाल को अब भी डर है कि अगर गाव गए तो दबंग वीरेंद्र उर्फ पप्पू यादव उन पर जानलेवा हमला कर सकते हैं। मामले में कोतवाली थाना प्रभारी गिरीश दुबे का कहना है कि प्रकरण दर्ज कर लिया गया है, आरोपी अभी फरार है जिनकी तलाश की जा रही है।

### तीसरे चरण के सभी संसदीय क्षेत्रों में शांतिपूर्ण मतदान की तैयारी पूर्ण

**सीहोर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत तीसरे चरण के सभी लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। सभी मतदान केन्द्रों पर पेयजल, जरूरी दवाइयाँ और टेन्ट की व्यवस्था की जा रही है। मतदाता सूचना पर्ची का वितरण कराया जा रहा है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के भी प्रयास लगातार किये जा रहे हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने यह बात भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की गई निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा में कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुल 871 नाके बनाये गये हैं, जहां पर सतत निगरानी की जा रही है। लगातार जब्ती की कार्यवाही की जा रही है।

### खेत पर बनी झोपड़ी में लगी आग: गाय, भैंस आग में झुलसी, खेती का सामना जला, लाखों का नुकसान



**सीहोर।** इछावर तहसील के ग्राम भाऊखेड़ी में रविवार रात को ग्राम के नजदीक खेत पर बनी झोपड़ी में अचानक आग लग गई। इस दौरान झोपड़ी के बाहर बंधे गाय भैंस भी झुलस गए। साथ ही झोपड़ी में रखा कृषि सामान भी जल गया। ग्राम के देवी लाल, श्यामलाल, लक्ष्मी नारायण, गब्बर वर्मा ने बताया कि आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं, एक गाय की जलने से मौत हो गई। वहीं, किसान श्याम लाल की दो भैंस भी बुरी तरह आग झुलस गई हैं। वहीं, किसान ने प्रशासन जल्द से जल्द इस नुकसान की भरपाई करने की मांग की है। वहीं, आग लगने के कारण अज्ञात बताए जा रहे हैं।

### बारात से ठीक पहले दूल्हा हुआ फरार : परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई



**सीहोर।** शाहगंज थाना क्षेत्र में ग्राम अकोला में रविवार को बारात से ठीक पहले दूल्हा अचानक फरार हो गया। जिसके बाद परिजनों ने शाहगंज थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम अकोला निवासी युवक शुभम गौर पुत्र उपेंद्र गौर की शादी का कार्यक्रम उसके घर पर चल रहा था। शादी की सारी रस्में रीति-रिवाज से संपन्न हो चुकी थी। शाम को नर्मदापुरम बारात जाना था। इसी बीच दूल्हा ऐन वक्त पर फरार हो गया। जिससे शादी में बाधा उत्पन्न हो गई। इधर, शाहगंज थाना प्रभारी पंकज वाडेकर का कहना है कि दूल्हे के लापता होने के मामले में गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

### मौसम अपडेट: 40 डिग्री हुआ अधिकतम तापमान, अब पारा गिरने के आसार नहीं

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अब दिन प्रतिदिन तापमान में बढ़ोतरी दर्ज होगी और आगामी दिनों में भीषण गर्मी का सामना लोगों को करना होगा।

जानकारी के अनुसार अप्रैल माह की शुरुआत से ही दिन में मौसम के दो रंग दो देखने को मिले थे। दोपहर में गर्मी और शाम को तेज हवाओं के साथ कई बार बारिश हुई। लेकिन अब अप्रैल माह जैसे ही समाप्त होने की और आ गया है, तो वेस्टर्न डिस्टरबेंस का प्रभाव भी खत्म होता नजर आ रहा है। जिसके बाद अब आसमान साफ है और तेज धूप के कारण लोगों का सामना भीषण गर्मी से होना शुरू हो गया है। इस संबंध में शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर ने बताया कि पश्चिम की दिशा से हवाएं चल रही है और जो मौसम का पूर्व अनुमान ज्ञात हो रहा है, उसके अनुसार अब दिन प्रतिदिन तापमान में वृद्धि होने की संभावना है।



### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए एमपी टॉस्क पोर्टल पर आवेदन का आज अंतिम दिन

**सीहोर।** जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के लिए एमपी टॉस्क पोर्टल पर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता एप्लाई एवं अपलोड (नवीन एवं नवीनीकरण) के लिए 30 अप्रैल तक के लिए आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई है।

जिला संयोजक जनजाति कार्य विभाग ने सभी संबंधित प्रमुखों को पत्र के माध्यम से कहा है कि विद्यार्थियों द्वारा पूर्व में निर्धारित तिथि तक शत-प्रतिशत आवेदन नहीं कर पाने के कारण अब समस्त संस्थायें यह सुनिश्चित करें कि उनकी संस्था में अध्ययनरत कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने से वंचित न रहे। निर्धारित नवीन तिथि तक अनिवार्यतः समस्त पात्र विद्यार्थियों से एप्लाई कराना सुनिश्चित करें। यदि निर्धारित समय-सीमा के बाद कोई भी विद्यार्थी आवेदन करने से छूट जाता है तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी सम्बंधित संस्था, विद्यार्थी की होगी जिन संस्थाओं द्वारा समय-सीमा में कार्यवाही पूर्ण नहीं की जाएगी उन सभी संस्थाओं की जवाबदेही तय की जाकर कार्यवाही की जाएगी।

## भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य दलों के उम्मीदवार भी जुटे हैं प्रचार में

# मतदान में 7 दिन शेष, दिखावे के प्रचार से सब दूर, जनसंपर्क पर ही फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान से सिर्फ आठ दिन बचे हैं, लेकिन शहर में चुनावी माहौल दिखाई नहीं दे रहा है। सीमित संख्या में होर्डिंग, बैनर और झंडे, न ढोल-ताशे और न ही लाउडस्पीकर की कानफोडू आवाज में एनाउंसमेंट। इसके बाद प्रचार जोर पकड़ता जा रहा है। कारण, सभी प्रत्याशियों ने दिखावे के प्रचार से दूरी बनाते हुए सामाजिक वोट बैंक में सेंध लगाने की रणनीति अपनाई है। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस में बैठकों का दौर चल रहा है। सम्मेलनों तक की जिम्मेदारी तय कर रखी है। कांग्रेस और भाजपा का ग्रामीण क्षेत्र में प्रचार पर जोर है। भाजपा के प्रत्याशी आलोक शर्मा और कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव दोनों ही प्रत्याशी भोपाल के हैं। वहीं विदिशा के भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी बुदनी के रहवासी हैं। ऐसे में सभी प्रत्याशी शुरुआती दौर में ग्रामीण अंचलों में प्रचार पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। यही नहीं बुदनी क्षेत्र में तो प्रत्याशी के पुत्र कार्तिकेय चौहान ने ही बागडोर संभाली है। लोकसभा चुनाव के प्रचार के अंतिम दौर में दोनों ही प्रत्याशियों का पूरा जोर रैलियों और सभाओं पर रहेगा। इसके लिए भाजपा ने रणनीति बनाकर नेताओं की सूची तैयार कर ली है कि कौन सा बड़ा नेता किस क्षेत्र में रैली या सभा करेगा।




**टीमें डोर-टू-डोर कर रहीं जनसंपर्क :** चुनाव प्रचार की बात करें तो भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवारों की अपनी अलग-अलग टीमें घूम रही हैं। यह डोर टू डोर जनसंपर्क के कर रहे हैं। इस बीच सहमति से पार्टी के झंडे भी लगाए जा रहे हैं। जा रहे हैं। पंपलेट से लेकर अन्य प्रचार प्रसार के साधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रत्याशी सुबह से देर शाम तक ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर वहां अलग-अलग समूहों की बैठकों में अपनी बात रखते हैं। है। शाम को अपने शहर में लौटकर एक निश्चित क्षेत्र में घूमकर लोगों से संपर्क करते हैं। मिलते रहते हैं।

# लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक मतदान कराने के लिए मतदाता पर्ची वितरण शुरू

## मतदाता पर्ची वितरण कार्य का अधिकारी द्वारा निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

लोकसभा निर्वाचन-2024 के लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाता शत-प्रतिशत भागीदारी एवं सहभागिता तभी सुनिश्चित हो, जब मतदाता अपने एवं अपने पड़ोस और महोल्लों से सर्वाधिक मतदान हो सकें। इसके लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देशन में पूरे जिले में मतदाता जागरूकता के तहत अनेक गतिविधियों एवं कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। ताकि प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर अधिक से अधिक मतदान करें। इसी श्रृंखला में कलेक्टर सिंह ने पूरे जिले में मतदाता जागरूकता के साथ मतदाता पर्ची वितरण व्यवस्था के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को निरीक्षण के निर्देश दिये गये है इसी कड़ी में सीईओ जिला पंचायत आशीष तिवारी एवं सहायक कलेक्टर अपर्ति गुप्ता ने मतदाता पर्ची वितरण कार्य का अनेक स्थानों पर निरीक्षण किया गया।



**खबर संक्षेप**

### 10 वर्ष पुराने आधार कार्ड को अपडेट कराना जरूरी

**सीहोर।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) की अधिसूचना अनुसार सर्वसाधारण को व्यतक्तिगत नवीनतम विवरण से आधार डेटा को अपडेटेड रखना है। जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस ने गत दिवस बताया कि ऐसे व्यक्ति जिन्होंने 10 वर्ष या इसके पूर्व आधार बनवाया था एवं परिवर्तित पते अथवा अन्य जानकारी में अपडेट नहीं किया हो, ऐसे सभी आधार धारकों को व्यक्तिगत नवीनतम विवरण को आधार डेटा में अपडेट कराने का आग्रह है। इस संबंध में आधार धारकों को सुविधा प्रदान करने के लिए, यूआईडीएआई ने अपडेट डॉक्यूमेंट की एक नई सुविधा विकसित की है। इस सुविधा को माय आधार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन एक्सेस किया जा सकता है या निवासी इसका लाभ उठाने के लिए किसी भी आधार नामांकन केन्द्र पर जा सकते हैं। नई सुविधा आधार धारकों को उनके आधार में व्यक्तिगत पहचान के प्रमाण (पीओआई) और पते के प्रमाण (पीओए) दस्तावेजों को अद्यतन करने की अनुमति देती है। आधार सेंटर पर जाकर डॉक्यूमेंट अपडेट करने पर 50 रूपये शुल्क देना होगा। यह सुविधा 30 जून तक myAadhaar portal पर निःशुल्क उपलब्ध है। नागरिक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन अपडेट कर सकते है।

## कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

# इलाज के लिए आए मरीजों को मिले बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं : कलेक्टर

### चिकित्सा पेशा सेवा का कार्य है, पूरे समर्पण के साथ करें मरीजों का इलाज कलेक्टर प्रवीण सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का आमजन को और अधिक सुविधाएं कैसे मिले और स्वास्थ्य सेवाओं की कलेक्टर प्रवीण सिंह ने बैठक लेकर विस्तृत समीक्षा कर सम्बन्धित स्वास्थ्य अमले को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि इलाज के लिए अस्पतालों में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। कलेक्टर सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में अच्छा कार्य करने वाले चिकित्सकों-कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा और लापरवाही बरतने वाले चिकित्सकों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी बीएमओ को निर्देश दिए कि विकासखण्ड स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए नियमित बैठक आयोजित कर समीक्षा करें।




#### गर्भवती माताओं का पंजीयन अनिवार्य रूप से पोर्टल पर दर्ज हो

कलेक्टर सिंह ने बैठक में आमजनों में होने वाली मौसमी बीमारियों एवं गर्भवती महिलाओं की समय-समय पर जांच एवं उनका पंजीयन का डेटा अपडेट करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। गर्भवती माताओं का पंजीयन अनिवार्य रूप से पोर्टल पर दर्ज किया जाये। पंजीयन के विरूद्ध गर्भवती माताओं के पूरे गर्भकाल में चार जांचें अनिवार्य रूप से की जाये। गर्भवती माताओं के एनीमिया का चिन्हांकन कर गंभीर रक्ताल्पता चिन्हित कर उनकी जांच एवं उनका उपचार अपडेट करने के निर्देश दिये। गर्भावस्था के दौरान होने वाला हाई बीपी की पहचान कर गर्भवती माताओं की समुचित इलाज एवं जांच करने की कार्यवाही की जाये।

बैठक में कलेक्टर ने सीएमएचओ अन्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले के सब हेल्थ सेंटरों में पर्याप्त दवाईयां, फर्नीचर आदि सर्वसुविधा होना चाहिये। बैठक में कलेक्टर सिंह ने दवाओं की उपलब्धता, जांच एवं उपचार, कायाकल्प, मातृ शिशु कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम सहित अन्य अभियानों एवं कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में गत बैठक का पालन प्रतिवेदन पर विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया, सिविल सर्जन प्रवीर गुप्ता सहित सभी चिकित्सक एवं बीएमओ उपस्थित थे।

## शतप्रतिशत मतदान ही दे सकता है मजबूत व ईमानदार सरकारः एमएस मेवाड़ा




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ग्राम चंदेरी द्वारा अधिक से अधिक मतदान करने के लिए बैलगाड़ी रैली निकालकर एवं मतदान के ऊपर से गाया गया गीत भजन गाते हुए मंजीरा के साथ गांव-गांव जाकर बैलगाड़ी से रैली निकालकर ग्रामीण बुजुर्ग, महिला, बच्चे, युवा सभी को जागरूक किया। मेवाड़ा ने सभी से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक मतदान करना है। प्रथम चरण में मतदान प्रतिशत कुछ कम रहा है, अधिक से अधिक मतदान करने पर ही हम सही प्रत्याशी को अपने देश की बागडोर सौंप सकते हैं। एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में रैली में बैलगाड़ी पर तख्ती, बैनर लगाकर एवं बैलों के ऊपर नारे लिखते हुए गीत गाते हुए मतदान करने हेतु भजन गाकर ग्रामीण की जनता को को गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक सीहोर जिले में चुनाव सम्पन नही हो जाते तब अभियान जारी रहेगा। खास बात यह है कि तापमान 42 से लेकर 44 डिग्री होने के बावजूद भी इन लोगों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

मतदान जागरूकता अभियान रैली ग्राम बावरिया से ग्राम कालापीपल सहित अन्य गाँवों में बैलगाड़ी के माध्यम से किसानों को हाथों में मतदान जागरूकता के स्लोगन की तकतियाँ भी नजर आ रही थी। रैली में आगे-आगे बैलगाड़ी चल रहे थे एवं पीछे महिलाएं व पुरूष चल रहे थे। समाजसेवी श्री मेवाडा ने यह भी कहा कि किसी पार्टी या दाल से संबंधित यह रैली नही है केवल मतदाताओं को जागरुक कर देश, प्रदेश व जिले के जनता से अपील की जा रही है कि अपना अमूल्य वोट देकर के ईमानदार प्रत्याशी चुने ताकि देश तरक्की कर आगे बढ़े।

# देवास लोकसभा के तीनों प्रेक्षकों ने चुनावी तैयारियों की समीक्षा की

### प्रेक्षक ने मतदान केन्द्र में आवश्यक सुविधाओं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

देवास संसदीय क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक केपी मोहन राज, व्यय प्रेक्षक के. बालाजी तथा पुलिस प्रेक्षक डॉ केतल बलीराम पाटिल ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर देवास लोकसभा निर्वाचन के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने लोकसभा चुनाव निष्पक्ष, स्वतंत्र तथा सुचिता पूर्ण संपन्न कराने के लिए की गई तैयारियों से अवगत कराया।




प्रेक्षकों ने मतदान दिवस पर मतदाताओं के सुविधाजनक मतदान के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने बैठक में सी-विजिल में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन के मामलों के निराकरण के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने एफएसटी, वीवीटी, एसएसटी, सी-विजिल, एमसीएमसी टीम, कंट्रोल रूम के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने देवास संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले आष्टा विधानसभा में निर्वाचन के लिए की गई तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर सिंह ने जिले में अधिक से अधिक मतदान के लिए चलाई जा रही मतदाता जागरूकता गतिविधियों के बारे में बताया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत आशीष तिवारी ने पीपीटी के माध्यम से देवास लोकसभा के अंतर्गत आष्टा विधानसभा की अब तक की गई तैयारियां के बारे में तीनों प्रेक्षकों को अवगत कराया। प्रेक्षको ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हस्ताक्षर कर मतदान की अपील की। बैठक में सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, एएसपी गीतेश गर्ग, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, नितिन टाले, आनंद सिंह राजावत, आष्टा एसडीएम स्वाती मिश्रा, डीआईओ संजय जोशी सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

#### 80 आदर्श तथा 20 महिलाकर्मी संचालित मतदान केन्द्र होंगे

बैठक में जानकारी दी गई कि देवास लोकसभा के अन्तर्गत आष्टा विधानसभा में कुल 335 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं । इसमें 80 आदर्श मतदान केन्द्र, 20 महिला संचालित मतदान केन्द्र तथा 1 मतदान केन्द्र दिव्यांगजनों द्वारा पूर्णतः संचालित बनाए जा रहे हैं। आष्टा विधानसभा में कुल 279449 मतदाता हैं, जिनमें इनमें 144242 पुरुष मतदाता, 135205 महिला मतदाता तथा 02 अन्य मतदाता हैं। आष्टा विधानसभा के तहत 04 एफएसटी तथा 6 एसएसटी दल निरंतर कार्य कर रहे है। सी विजिल पर 29 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनका समय सीमा में निराकरण किया गया।

#### प्रेक्षकों ने किया स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भोपाल संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक केपी मोहन राज, व्यय प्रेक्षक के. बालाजी तथा पुलिस प्रेक्षक डॉ केतल बलीराम पाटिल ने ने जिला मुख्यालय स्थित महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर प्रवीण सिंह से विस्तार में जानकारी ली। इस दौरान प्रेक्षकों ने ईवीएम वितरण, ईवीएम वापसी, सीसीटीवी, कंट्रोल रूम, बेरीकेडिंग, पार्किंग, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, अभिकर्ताओं के लिए व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। प्रेक्षक ने चुनाव आयोग के दिशा निर्देशा के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

#### प्रेक्षकों ने किया कंट्रोल रूम एवं पेड न्यूज मॉनीटरिंग सेल का निरीक्षण

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देवास संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त तीनों ने कलेक्टर कार्यालय में चल रही विभिन्न निर्वाचन संबंधी गतिविधियों का निरीक्षण किया और विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने पेड न्यूज मॉनिटरिंग सेल, निर्वाचन व्यय लेखा सेल, जिला कन्ट्रोल रूम, वीवीटी आदि कक्षों का निरीक्षण कर निर्वाचन संबंधी कार्यवाही को देखा। इस दौरान कलेक्टर प्रवीण सिंह ने लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराने के लिए संचालित किए जा रहे विभिन्न सेल के बारे में विस्तार से जानकारी दी।




# चीन के सामान की और मोदी जी की जुबान की कोई गारंटी नहींः चरण सिंह सपरा

**सीहोर।** सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मप्र के मीडिया प्रभारी चरणसिंह सपरा ने पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। सर्वप्रथम जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती ने सपरा का पुष्पाहारों से स्वागत किया। पत्रकार वार्ता में चरण सिंह सपरा ने कहा कि दो चरणों के चुनाव के बाद नजर आ रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी बौखला गए हैं। वे झूठ, आधारहीन और दोगली बातें कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के न्याय पत्र से इतने परेशान है कि उसे रोज बेलगाम होकर कोस रहे हैं। कांग्रेस का न्याय पत्र 5 न्याय 25 गारंटी की पुष्टि करता है। जरूरतमंद और गरीबों की सहायता करने की योजना बताता है। बीजेपी, शाह और तानाशाह उसे सांप्रदायिक रंग देना चाहते हैं। विकास से ध्यान हटाकर मटन, मछली, माओवादी सोच और घुसपैठियों की चर्चा करना चाहते हैं। मुसलमान मुस्लिम लीग विरासत कर यह हमारे घोषणा पत्र का हिस्सा नहीं है, लेकिन फिर भी प्रधानमंत्री इसी पर चुनावी नैरेटिव रखना चाहते हैं ध्रुवीकरण ही उनका ब्रह्मास्त्र है।




दो चरणों के चुनाव में जिस तरह से वोटिंग परसेंटेज कम हुआ है, वह दर्शाता है कि लोगों में भाजपा के प्रति निराशा है। मध्य प्रदेश में महिलाओं की वोटिंग परसेंटेज 11 से 12 प्रतिशत घाटी है । यह दिखाता है की लाडली बहन भी समझ गई है कि उन्हें छला गया है 3000 रूपये का कहकर 1250 रूपये ही दिए जा रहे हैं। हो सकता है कि यह योजना चुनाव के बाद पूरी तरह बंद हो जाएगी। मध्य प्रदेश का किसान नाराज है कि उसके साथ विश्वासघात हुआ है, 2700 रुपए गेहूं और 3000 रूपये धान का वादा करके भाजपा सरकार पीछे हट गई है। युवा, बेरोजगार, मजदूर, किसान और महिलाएं परेशान हैं।

निजीकरण को बढ़ावा देश की नवरत्न कंपनी, सेल, बेल, जेल, रेल, एयरपोर्ट पोर्ट को अपने पूंजीपति मित्रों को ओने पौने दाम पर बेच रही है। निजीकरण सरकारी तंत्र का मुख्य हिस्सा बन रहा है। इसलिए 30 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं और बड़ी मात्रा में आरक्षण के पद खाली है। यह बीजेपी सरकार का इनडायरेक्ट हमला है। आरक्षण पर आरएसएस और बीजेपी का एजेंडा है, आरक्षण को समाप्त करने, दलित, आदिवासियों और पिछड़ी जाति को और कमजोर करने का षड्यंत्र है।

देश की जनता को ध्रुवीकरण, हिंदू मुस्लिम की अफीम चटाकर यह 400 पार करना चाहते हैं। अगर इन्हें 400 सीट आ जाएगी तो हिटलर राज आ जाएगा। आरक्षण और संविधान बदल जाएगा। यह खुद बीजेपी के केंद्रीय मंत्री अनंत हेगडे, लोकसभा के उम्मीदवार लल्लू सिंह ज्योति मिर्धा, अरुण गोविल कह चुके हैं।

# अग्निपथ योजना के बारे में छात्राओं को कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सोमवार को महाविद्यालय की समस्त छात्राओं को अग्निपथ योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देकर अग्निवीर बनने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. गणेश लाल जैन ने कहा कि यह योजना अग्निवीर बनकर राष्ट्र सेवा करने का सुनहरा अवसर प्रदान करती है। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्षन प्रकोष्ठ प्रभारी एवं ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. कलिका डोलस द्वारा छात्राओं द्वारा योजना के बारे में पूछे गए सभी सवालों का जबाब दिया तथा इस योजना के लाभों से अवगत कराया। उन्होने बताया कि यह एक अनोखी योजना है जिसके द्वारा युवाओं की आवष्यकताओं को पूर्ण किया जा सकता है, एवं उनकी ऊर्जा को नई दिषा देकर राष्ट्र सेवा में संलग्न किया जा सकता है। साथ ही आर्थिक



आत्मनिर्भरता एवं लाभ होने से युवा इस योजना को अपनाना चाहते है तथा सेवा पश्चात मिलने वाली राषि से भविष्य में स्वयं का स्टार्टअप भी प्रारंभ कर सकते है। इस योजना के योग्यता, चयन प्रक्रिया, मासिक वेतन, योजना का उद्देष्य एवं आर्थिक लाभ के साथ-साथ योजना के दौरान होने वाला बीमा आदि के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्राऐं उपस्थित थीं।

### शहर के बीएसआई मैदान पर पांच मैच की सीरिज डीसीए 2-1 से आगे

# क्रिकेट सीरिजः यंग स्टार ने डीसीए को सात रन से हराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान पर यंग स्टार और डीसीए के मध्य पांच मैच की सीरिज चल रही है। प्रत्येक रविवार को मैच खेला जा रहा है। सीरिज के अंतर्गत एक रोमांचक मैच खेला गया था, जिसमें यंग स्टार ने डीसीए को सात रन से हराया। हराने के बावजूद भी डीसीए 2-1 से आगे है। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार की सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी यंग स्टार ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 170 रन बनाए थे। इसमें नीरज मेहरा 39 गेंद पर 10 चौके और छक्के की मदद से 63 रन, नदीम खान ने 16 गेंद पर 22 रन, संजय पेशवानी ने 21 रन, प्रतीक ने 14 रन और नदीम ने 13 रन की पारी खेली।

इधर डीसीए के ओर से वीरु वर्मा ने चार ओवर में 24 रन देकर चार विकेट, महेन्द्र शर्माने चार ओवर में 35 रन देकर दो विकेट, वरुण शर्मा और आशीष शर्मा ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसीए की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 163 रन बनाए थे। इसमें आशीष शर्मा ने 46 गेंद पर 66 रन, वीरु वर्मा ने 12 रन, हेमंत केसरिया ने 16 रन और मदन कुशवाहा ने 12 रन बनाए थे। इधर यंग स्टार की ओर से गेंदबाजी करते हुए नदीम ने चार ओवर में 38 रन देकर तीन विकेट, तहीर ने चार ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट, नीरज मेहरा ने चार ओवर में तीस रन देकर दो विकेट के अलावा आदित्य ने चार ओवर में 21 रन देकर एक विकेट हासिल किया।

#### मैच के बाद सभी खिलाड़ियों ने दी बधाई

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष और वरिष्ठ क्रिकेट वीरू वर्मा का जन्मोत्सव खिलाड़ियों ने धूमधाम से मनाया। इस मौके पर सभी खिलाड़ियों ने आस्था और उत्साह के साथ उनको जन्म दिन की बधाई दी।

## शासकीय अस्थिबाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश शुरू आवेदन 31 जुलाई तक

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित शासकीय अस्थिबाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, परदेशीपुरा समाज कल्याण परिसर इन्दौर ने शासकीय दिव्यांग बालकों को जो 6 वर्ष एवं अधिक आयु समूह के हो, उन्हें नियमानुसार कक्षा 1वीं से 8वीं शिक्षण के लिये प्रवेश दिया जाना है।

सत्र 2024-25 के लिये प्रवेश प्रारंभ है। प्रवेश के लिये अर्हताओं में कक्षा 1 में आयु सीमा 6 वर्ष अधिक अथवा कक्षा अनुसार, शैक्षणिक योग्यता अंतिम उत्तीर्ण कक्षा की अंकसूची की छायाप्रति, आय प्रमाण पत्र, कम से कम 40 प्रतिशत दिव्यांगता होना आवश्यक है। इसके अलावा दिव्यांगता दर्शाते हुए 6 फोटो, मध्यप्रदेश के मूल निवासी का प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र डिजीटल, आधार कार्ड, समग्र सामाजिक सुरक्षा आई.डी. (एसएसएसएम आईडी), यू.डी.आय.डी., बैंक खाता आधार से लिंग किया हुआ, जन्म प्रमाण-पत्र होना भी आवश्यक है। इन्दौर से बाहर निवास करने वाले बालकों को प्रवेश पश्चात छात्रावास की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

आवेदन पत्र कार्यालय में कार्यालीन समय में अवकाश दिवस को छोडकर स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक द्वारा निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2024 है।

### जर्जर इमारतों को डिसमेंटल करने से रिक्त हुए बड़े प्लॉटों का मामला

# मुख्यालय पर कचराघरों की तरह उपयोग हो रहे शासकीय रिक्त भूखंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ मुख्यालय स्थित अधिकांश शासकीय भवन लोक निर्माण विभाग के स्वामित्व में हैं। पूरी तरह से जर्जर हो चुके छह शासकीय आवासों को लोक निर्माण विभाग ने करीब आठ-नौ माह पूर्व डिसमेंटल (तुड़वाया) था ताकि इन भूखंडों को बाद में नगर पालिका के हैंडओवर कर यहां विकास कार्य जैसे पार्किंग, कॉम्पलेक्स आदि निर्माण करवाए जा सकें। लेकिन, शासकीय आवासों को तुड़वाने के बाद लोक निर्माण विभाग ने उन्हें लावारिस हाल में छोड़ रखा है। इन रिक्त भूखंडों पर आसपास के रहवासी कचरा, मकानों का अनुपयोगी मटेरियल सहित ऐसे ही दूसरे सामानों को फेंक रहे हैं। इन भूखंडों पर क्या बनाया जाए या बाउन्ड्रीवाल ही करवा दी जाए ऐसी कोई प्लानिंग फिलहाल तक न तो पीडल्यूडी एवं न ही नगर पालिका ने की है।



### पुरा क्षेत्र, किला, मेन मार्केट के भूखंड पर भी कोई विकास कार्य नहीं

काशीपुरा क्षेत्र में मेमोरियल गेट के पास की शासकीय इमारत को भी कुछ अर्से पहले पीडल्यूडी ने तुड़वाया था। यह भूखंड भी वर्तमान में खाली ही पड़ा हुआ है। इसी तरह किला क्षेत्र में सत्यनारायण सराफ की दुकान के बगल वाला खाली भूखंड भी अभी तक पीडल्यूडी के स्वामित्व के हैं जहां कब्जा होने की पूरी संभावना बनी हुई है। मेन मार्केट में शिवजी की छतरी के पास के दो शासकीय भवनों/आवासों को भी पीडल्यूडी ने आठ महीने पहले तुड़वाया था। ये दोनों भूखंड भी ऐसे ही पड़े हुए हैं। अगर उक्त सभी खाली भूखंडों पर काम्पलेक्स, पार्किंग या अन्य विकास कार्य करवाया जाए तो इनका बहुत अच्छा सदुपयोग हो सकता है।

### इनका कहना है

आप जिन पांच, छह खाली भूखंडों की बता रहे हैं वे अभी तक नपा के स्वामित्व में नहीं हैं। इसकी प्रक्रिया पीडल्यूडी को ही करनी है। नपा के स्वामित्व पर आने पर बहुत से अच्छे काम हम यहां करवा पाएंगे।

**- रवि गुप्ता, सीएमओ, नगर पालिका, राजगढ़**

पीडल्यूडी स्वामित्व के भवनों, भूखंडों को नगर पालिका को दे देंगे लेकिन पहले उन्हें यह प्रस्ताव शासन को भेजना होगा। फिर नगर पालिका किसी भी काम या विकास कार्य में उनका उपयोग कर सकती है।

**- आकाश दुबे, कार्यपालन यंत्री, पीडल्यूडी, राजगढ़**

### पुरानी तहसील के भूखंड पर रोजाना डाला जा रहा कचरा

स्थानीय पारायण चौक के नजदीक पुरानी तहसील कहलाने वाले भवन को आठ महीने पहले लोक निर्माण विभाग ने तुड़वाया था। भवन तुड़वाने के बाद जो मलबा, मटेरियल निकला था, वह आज भी वहीं पर पड़ा हुआ है। अब यह भूखंड आसपास के रहवासियों द्वारा कचराघर की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है।

### कन्याशाला के सामने का भूखंड भी इसी हाल में

मार्केट में कन्याशाला शाला स्कूल के ठीक सामने के दो शासकीय आवासों को पीडल्यूडी ने डिसमेंटल करवाया था। सात, आठ माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी न तो पीडल्यूडी ने मलबा, मटेरियल को हटवाया और न ही खाली भूखंड पर कोई विकास कार्य करने के बारे में सोचा गया है।

# राज्यमंत्री टेटवाल ने सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सिविल अस्पताल सारंगपुर में कई दिनों से दवाईयों की कमी के चलते मरीज काफी परेशान हो रहे थे। डॉक्टरों द्वारा अस्पताल में दवाई गोली उपलब्ध नहीं होने से उन्हें मार्केट की दवाईयां लिखनी पड़ रही थी। शनिवार को एक व्यक्ति को बीमार होने पर उपचार के लिए सारंगपुर सिविल अस्पताल में भर्ती हुए उनको भी ड्यूटी डाक्टर ने बाहर की दवाई लिख दी। जैसे ही इसकी जानकारी राज्य मंत्री एवं सारंगपुर विधायक गौतम टेटवाल को लगी तो सुबह लगभग 11 बजे सारंगपुर के सिविल अस्पताल पहुंच गए) जहां उन्होंने अस्पताल के डॉक्टर को फटकार लगाते हुए स्टॉक रजिस्टर एवं दवाई वितरण करने वाले कर्मचारी से भी चर्चा की। साथ ही मरीजों को समय पर दवाई उपलब्ध कराने के लिए सख्त निर्देश दिए। इतना ही नहीं मंत्री टेटवाल ने अस्पताल के एक्सरा मशीन सहित अन्य वार्डो का निरीक्षण कर मरीजों की समस्याएं सुनी और कई दस्तावेजों की फोटो कॉपी कर अपने साथ ले गए, साथ ही जिला स्वास्थ्य अधिकारी को भी फोन पर निर्देशित किया कि आज ही अस्पताल का निरीक्षण करें और सारी अव्यवस्थाओं को दुरुस्त करें। मंत्री टेटवाल के अस्पताल पहुंचने से अस्पताल में मौजूद मरीज और आम जनता में व्यवस्थाएं सुधारने की उम्मीद जगी है।

### इनका कहना है

वर्तमान में सबसे ज्यादा जिन बाटलों की जरुरत है हमें जिला स्तर से डिमांड अनुरूप वह उपलब्ध नहीं हो रही है। इसके कारण दिक्कते आ रही हैं। यदि हमें पर्याप्त दवाईयां मिलेगी तो हम सभी मरीजों का बेहतर ढंग से उपचार कर पाएंगे। मंत्रीजी को हमारे द्वारा समस्या से अवगत करा दिया गया है।

**डॉ .मनीष चौहान, सिविल अस्पताल अधीक्षक, सारंगपुर।**

हमने रविवार को सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों को बेहतर से बेहतर उपचार देने और अस्पताल से समस्त जरुरी दवाईयां देने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है।

**गौतम टेटवाल, सारंगपुर विधायक एवं राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, मप्र शासन।**

# जहरीला पदार्थ खाने से एक व्यक्ति की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत समीपवर्ती ग्राम पिपल्या बिजारेल निवासी एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त की। जानकारी के अनुसार पिपल्या बिजारेल निवासी पवन टेलर (40) ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ निगल लिया। जहर निगलने से उसकी हालत बिगड़ गई। गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का रविवार की सुबह पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर रही है।

### अतिथियों ने नवदम्पतियों को आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना की

# 22वां फूलमाली समाज खिलचीपुर का 27 जोड़े का आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

25 अप्रैल को 22वां फूलमाली समाज खिलचीपुर के द्वारा 27 जोडे का आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन गोपाल बैरागी के खेत खांडी बावड़ी मार्ग पर सम्पन्न हुआ। सर्व प्रथम सम्मेलन समिति द्वारा भगवान रघुनाथ जी महाराज को मंदिर से लेकर सम्मेलन स्थल पहुंचे जहां पर पंडित नीरज शर्मा द्वारा पुजा अर्चना विधि विधान द्वारा करवाकर कथा का रसपान कराया गया। तत्पश्चात सभी जोड़ों के माता पिता ने सगाई रस्म अदा कर सभी नव युगल दुल्हा दुल्हन ने मंच पर एक-दूसरे को वरमाला पहनाई एवं नगर परिषद अध्यक्ष राम-जानकी रामकरण मालाकार ने सभी जोड़ों को भगवान श्री राम प्रतिमा भेंट की। वहीं फुलमाली समाज मंदिर पंडित बंकटलाल बैरागी एवं पंडित नीरज शर्मा द्वारा सभी दुल्हों से तोरण मरवाकर वैधीक मंत्रोच्चारण करवाकर विधि विधान पूर्वक उनके सात फेरे करवाएं गए।

इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह का सम्मेलन समिति द्वारा पुष्पमाला एवं साफा बांध कर स्वागत किया गया। वहीं श्री सिंह द्वारा ने वर-वधुओं के नव दाम्पत्य जीवन की शुभकामना प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान सम्मेलन समिति अध्यक्ष मनोज मालाकार द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर , सांसद प्रत्याशी रोडमल नागर, भाजपा विधायक हजारीलाल दांगी, अंशुल तिवारी, अलोक पांडे, आशीष तिवारी, साहू समाज समिति का स्वागत किया गया।

इस अवसर फूलमाली समाज संगठन जिला अध्यक्ष जगदीश पुष्पद, महेश पुष्पद,कमल मंत्री, राजेन्द्र पुष्पद, सोशल ग्रुप संभाग प्रभारी नरसिंह पुष्पद, सोशल ग्रुप प्रदेश महामंत्री दीपक पुष्पद जीरापुर, संभाग प्रभारी नरसिंह पुष्पद, सोशल ग्रुप जिला अध्यक्ष अजय मालाकार जीरापुर , मुकेश पुष्पद ,निर्धन साहयता कौष जिला अध्यक्ष राधेश्याम पेंटर बखेड, रामबाबू पुष्पद करेडी, शिव पुष्पद रामपुरिया, रामचरण पुष्पद, बाबू पुष्पद छावनी, दिनेश सुमन, सचिन सुमन, सुनील सुमन, मंच का संचालन विमल मालाकार, गोपाल मालाकार के द्वारा किया गया। इस मौके पर मुरली मालाकार (बैंक) मालाकार, पवन मालाकार, नीरज मालाकार, वीनोद मालाकार, मनोहर मालाकार, महेश मालाकार पत्रकार, सुरेश मालाकार, आदि समाज जन उपस्थित रहे।सम्मेलन समिति की बेहतर व्यवस्थाओं ने समाज बंधुओ को आकर्षित किया।

# अमृता राय पहुंचीं इकलेरा नवविवाहितों को दिया आशीर्वाद



**इकलेरा।** रविवार को अमृता राय ने आदर्श मालवीय (बलाई) समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में पहुंचकर सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद वा बधाई दी। इस मौके पर सर्व मालवीय समाज के पदाधिकारीगण ने उनका स्वागत किया। साथ ही अमृता राय ने इकलेरा अमनगर में महिलाओं के साथ संवाद किया। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद पालीवाल, मंडलम अध्यक्ष राजेंद्र विजयवर्गीय, पूर्व जिला पंचायत सदस्य ओम पाटीदार, पालड़ियादान प्रभारी पिंटू पाटीदार, इकलेरा नगर अध्यक्ष नमन पाटीदार, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष प्रदीप महोबे, एनएसयूआई नगर अध्यक्ष कार्तिक चौधरी, गनी खा, रामचंद्र पाटीदारराहुल पाटीदार, विनोद वैष्णवसुरेश सोलंकी, धीरजपाटीदार, रफीक खा, महेश प्रजापति,हरिओम टेलर, अब्दुल नेता, कृष्णा प्रजापति,गोविंद मालवीय एवम अन्य लोगों ने स्वागत किया।

# मारवाड़ी महिला मंडल ने बच्चों को भोजन कराया, बांटी शिक्षण सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल शाखा ब्यावरा की महिलाओं द्वारा बच्चों के विकास और शिक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर से निर्धारित बाल विकास एवं ज्ञानदीप कार्यक्रम के राष्ट्रीय निर्देशानुसार इंदिरा नगर कॉलोनी में चल रहे शासकीय माध्यमिक विद्यालय में जाकर सभी बच्चों को भोजन कराया और उन्हें शिक्षा के लिए नियमित स्कूल आने को प्रेरित करने के लिए शिक्षण सामग्री वितरित की। साथ ही विद्यालय पुस्तकालय बच्चों की किताबें, रेफरेंस बुक, नोट्स, कॉम्पीटिशन एग्जामिनेशन बुक, स्टोरी बुक आदि किताबें दान की, ताकि बच्चों की एक नई नींव तैयार हो सकें। ज्ञानदीप एवं बाल विकास कार्यक्रम द्वारा महिला मंडल का यह प्रयास हैं कि बच्चों के सुंदर भविष्य निर्माण कर सकें। शिक्षा के माध्यम से बच्चों में ऐसी ज्योत जगाएं की बच्चें भविष्य में पढ़ लिखकर कुछ कर पाएं। कार्यक्रम में डॉ. नमिता जैन, सुनीता अग्रवाल, सविता अग्रवाल, श्रीमती अनिला, शीला अग्रवाल, मोना जैन, पूनम, सरोज, प्रेमलता, मंगला, एकता मित्तल, मारवाड़ी महिला मंडल की सभी मातृशक्ति सदस्यो ने सेवा कार्यों में अपना योगदान दिया।





# ग्राम बीजापुरा में बुजुर्ग ने लगाई फांसी कई सालों से घर में अकेला रहता था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

लखनवास के मलावर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बीजापुरा में बुजुर्ग ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुजुर्ग घर में अकेला रहता था। बीजापुरा गांव वालों ने सुबह देखा तो फांसी के फंदों पर लटका हुआ था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार भंवर लाल पिता काशीराम देसवाली मीणा ग्राम बीजापुर उम्र 64 साल कई वर्षो से घर में अकेला ही रहता था। शनिवार शाम को अपने ही खेत की मेड पर खड़े नीम के पेड़ से लटक कर फांसी लगा ली। सुबह गांव वालो ने देखा तो उनके परिजन जो कानरखेड़ी गांव में रहते हैं। उनको सूचना दी गई। इसके बाद भीड़ इकट्ठी हो गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल ब्यावर रवाना किया गया भंवर लाल घर में अकेला रहता था भंवर लाल की शादी भी नही हुई थी। घर में अकेला रहकर अपना जीवन यापन करता था। पुलिस ने अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।



# नरसिंहगढ़ कृषि उपज मंडी में आए दिन होती किसानों की उपज चोरी



**नरसिंहगढ़।** किसानों ने चोर को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। नरसिंहगढ कृषि उपज मंडी में लगातार हो रही किसानों की उपज चोरी प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को ग्राम बकानी निवासी मांगीलाल वर्मा अपनी लहसुन उपज 25 कट्टो में भरकर मंडी बेचने हेतु लाए जो अलग अलग दामों पर बिका जिसमें से एक कट्टा लहसुन बड़े शातिर तरीके से चुराते हुये निर्भय सिँह नमक युवक को किसानो ने रंगे हाथो पकड़ा और मंडी के सुपुर्द कर दिया जिसे बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया। ज्ञात हो कि मंडी में लगातार किसानो की फसल इसी तरह शातिर तरीके से चोरी हो रही है। मंडी प्रशासन को इस और ध्यान देने की आवश्यकता है।

### सारे काम छोड़ दो सबसे पहले मतदान दो का लिया संकल्प

# नेत्रदान समिति के सदस्यों ने पक्षियों के लिए बांधे सकोरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नरसिंहगढ़ में नेत्रदान समिति के सदस्यों सहित हर महीने जागरूकता अभियान के लिए एक्टिविटी की जाती है। समाजसेवी का नताशा मोहित गुप्ता ने बताया कि तेज गर्मी के चलते हम सब मिट्टी के सकोरा तैयार कर शाहा के बगीचा एवं नेहरू पार्क एवं अन्य जगह पक्षियों के लिए खाना पानी की व्यवस्था की और यह हम सब मानव का कर्तव्य है कि हम छोटे पक्षियों का भोजन पानी की व्यवस्था अपनी छत अपने बालकनी में भी कर कर सकते हैं एवं सभी महिलाओं ने सारे काम छोड़ दो सबसे पहले मतदान दो का दिया संदेश। समाजसेवी का नताशा मोहित गुप्ता बताती हूं कि हमारे एक वोट से हमारे भविष्य का निर्माण होता है एवं हमारा कर्तव्य है कि हम खुद मतदान करें एवं अपने परिवारजन एवं अपने पड़ोसी को भी मतदान करने हेतु जागरूक करें ताकि हम श्रेष्ठ भारत का निर्माण कर पाएं हमारे एक एक वोट के लिए महीनों से मेहनत कर रहे सभी पुलिसकर्मी शिक्षक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सभी लोग हमारे एक-एक वोट के लिए महिनों से अपना कर्तव्य निभाते हुए तेज गर्मी में अपना कर्तव्य निभा रहे हैं। उन सबको नेत्रदान समिति की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद हम सब का मानव का भी कर्तव्य है हम भी मतदान करें और सबको मतदान करने हेतु जागरूक करें सदस्यों के नाम शिल्पा गुप्ता शानू गुप्ता शोभा भंडारी साक्षी भंडारी सीना गुप्ता रानी गुप्ता ज्योति गुप्ता नैना शर्मा वर्षा परतानी गरिमा बंसल सपना गुप्ता मानसी गुप्ता बुलबुल नगर टीना गुप्ता समाज सेविका नताशा मोहित गुप्ता एवं बच्चे मौजूद रहे।

### फूलमाली समाज परगना पंचायत का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित

# 19 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में, राज्यमंत्री सहित समाज के पदाधिकारियों ने दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

फूलमाली समाज परगना पंचायत तलेनी के तत्वावधान में रविवार को मास्टर माइंड स्कूल प्रांगण तलेनी में 20वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में जिले सहित अन्य जिलों से 19 जोड़े शामिल हुए। जिनका विद्वान पंडित शरद आचार्य सहित अन्य पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोंच्चार के साथ पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न कराया गया।

फूलमाली महापंचायत प्रदेश अध्यक्ष हरीनारायण माली, महामंत्री ओम पुष्पद, मंत्री मनोज पुष्पद सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा तलेनी पंचायत अध्यक्ष जगदीश पुष्पद परगना पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पुष्पद परगना सचिव महेश पुष्पद सम्मेलन अध्यक्ष बद्रीलाल पुष्पद का साफा बांध कर तथा प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मान किया। वहीं सम्मेलन समिति द्वारा राज्य मंत्री गौतम टेटवाल नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा सहित सभी पार्षदों एवं फूल माली महापंचायत प्रदेश अध्यक्ष हरि नारायण माली व उनकी टीम तथा फूल माली समाज जिला अध्यक्ष जगदीश पुष्पद व उनकी टीम एवं सकल पंच सारंगपुर के मोहल्ला पंचायत अध्यक्ष प्रेमनारायण पुष्पद कैलाश वर्मा शिवनारायण पुष्पद धनसिंह पुष्पद देवनारायण पुष्पद कैलाश पुष्पद भगत नवयुवक संघ अध्यक्ष अमित पुष्पद सहित अन्य अतिथियों का दुपट्टा पहना कर एवं महात्मा फुले दंपति का चित्र भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री टेटवाल ने वर वधुओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आपका दांपत्य जीवन भगवान लक्ष्मी नारायण राधे कृष्ण सीताराम शंकर पार्वती जैसा अजर अमर रहे। साथ ही समाज द्वारा आयोजित सम्मेलन की सराहना की। फूलमाली महापंचायत प्रदेश अध्यक्ष माली ने वर वधुओं का आशीर्वाद देते हुए कहा कि समाज में व्याप्त कुरूतियों को दूर कर फिजूल खर्ची को रोकने का सबसे अच्छा उपाय सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह करना है। जिसके लिए आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज का संगठन मजबूत होता है।

अतिथियों द्वारा नव दांपत्य जीवन में प्रवेश करने वाले सभी वर वधुओं को आशीर्वाद दिया कार्यक्रम का संचालन नंदकिशोर पुष्पद ने किया तथा आभार समाज अध्यक्ष जगदीश पुष्पद ने माना बंशीलाल पुष्पद ने सभी जोडो को एक एक दिवार घड़ी भेंट की गई। इस दौरान ब्यावरा परगना पंचायत अध्यक्ष नरसिंह पुष्पद परगना सचिव महेश पुष्पद रामचरण पुष्पद फूलमाली सोशल ग्रुप प्रदेश महामंत्री दीपक पुष्पद जिला अध्यक्ष अजय पुष्पद राधेश्याम आदि ने वर वधु को आशीर्वाद दिया।



## खबर संक्षेप

### मतदान करना हम सभी का कर्तव्य है: ठाकुर



जावर। चुनाव में मतदान करना एक संवैधानिक अधिकार के साथ-साथ हमारा कर्तव्य भी है। हमें अपने आसपास के लोग और रिश्तेदारों को भी जागरूक करना चाहिए। क्योंकि मतदान ही लोकतंत्र को मजबूत करता है। इस पर्व के भाव से ले और प्रसन्नता के साथ अपने अधिकार का प्रयोग करें। मतदान करना हमारा हक ही नहीं बल्कि हम सबकी ड्यूटी भी है। मनव मतदाताओं से भी अपील है कि जिन्हें पहली बार वोट देने का अधिकार मिला है। वह हर काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करने के लिए पहुंचे। इस अवसर को कतई भी ना गवाएं। सुबह ही सबसे पहले मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र के पर्व का हिस्सा बने। इतना ही नहीं अपने परिवार पड़ोस और रिश्तेदारों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें समस्त संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं से अपील है कि अपना वोट जरूर डालें।

### कांप्लेक्स के अभाव में परेशान हो रहे लोग

**आष्टा।** नगर के कन्नौद रोड स्थित कॉलोनी चौराहे पर नगर पालिका द्वारा कांप्लेक्स बनाया गया था। उसे कन्नौद रोड फोरलेन निर्माण के कारण तोड़ दिया गया था। इसके बाद यहां पर दूसरा कांप्लेक्स नहीं बनाया गया है। इससे दुकानदारों, यात्रियों को दिक्कत हो रही है। कॉलोनी चौराहे पर कुछ वर्ष पहले नगर पालिका ने यात्रियों व दुकानदारों की समस्या को देखते हुए सर्वसुविधा युक्त सुलभ कांप्लेक्स का निर्माण किया था। उसे आष्टा-कन्नौद रोड पर फोरलेन निर्माण के दायरे में आने से तोड़ दिया गया था। इस कारण अब परेशानी यह आ रही है कि नए बस स्टैंड से लेकर अदालत तक एक भी सुलभ कांप्लेक्स नहीं है। यह दूरी करीब दो किमी है। कॉलोनी चौराहे पर बसों का स्टाप होने के कारण यहां पर यात्रियों का जमावड़ा बना रहता है।

### निर्भीक होकर करें मतदान

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से लोकतन्त्र के महापर्व में अपनी सहभागिता करते हुए लोकसभा निर्वाचन-2024 के में निर्भीक होकर मतदान जरूर करने का आह्वान किया है।

### बेटे के साथ पार्वती नदी में नहाने के लिए गया था पिता, डूबने से गई जान

# भोपाल और सीहोर एसडीआरएफ की 15 सदस्यीय टीम को 30 घंटे बाद मिला शव

**ऑक्सीजन युक्त डिप ड्राइवर ने भी पार्वती नदी के भीतर किया सर्च, 30 घंटे बाद टीम को आखिरकार युवक का शव मिला।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



रविवार की दोपहर पार्वती नदी में डूबे यूवक का शव दूसरे दिन मिल गया। वहीं सिहोर सहित भोपाल की 15 सदस्यीय एसडीआरएफ की टीम लगातार सर्चिंग कर रही थी। जिसे 30 घंटे बाद नदी में डूबे युवक का शव ढूंढने में सफलता मिल गई। गौरतलब है की रविवार को पार्वती नदी में नहाने के लिए गए छलांग लगा दी देखते ही देखते यूवक ने नदी के इस किनारे से उस किनारे जाने के प्रयास किया था लेकिन नदी के बिच में जाते ही डूब गया। युवक के डूबने की जानकारी लगते ही दोनो थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और सर्चिंग शूरू की। जहां रविवार को सिहोर से आई एसडीआरएफ की टीम ने घंटो तक शव को खोजने का प्रयास किया वहीं अंधेरा होने के कारण सर्चिंग बंद कर सोमवार की सुबह से पुनः सर्चिंग शूरू की। लिहाजा कई घंटे बीतने के बाद भी शव ना मिलने पर स्थानीय पुलिस प्रशासन ने भोपाल से आई एसडीआरएफ की टीम की मदद से सर्चिंग की रफ्तार बड़ाई। जिसके बाद टीम को 30 घंटे बाद युवक को शव मिल गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार युवक आष्टा के दिपलाखेड़ी गांव का निवासी बताया जा रहा है युवक का नाम नागु पिता कीर्तन सिंह पारदी उम्र 45 वर्ष निवासी है वही नदी के दोनों किनारे दो थानों से जुड़े होने के चलते आष्टा और पार्वती पुलिस थानों के जवान भी मौके पर मोजूद रहे।

### दो दीन से नदी के किनारे पर शव मिलने का इंतजार कर रहे थे परिजन

नदी में डूबे युवक के पुत्र अभिनंदन पारदी ने जानकारी देते हुए बताया है कि मेरे पिताजी मेरे साथ आए थे और वहां पार्वती नदी पर मेरे साथ गए और मैं नदी किनारे खड़ा था और उन्होंने कहा कि तू वीडियो बना मैं नदी में तेरकर इस पार से उसे पार जाता हूं, मैंने मना भी किया लेकिन पिताजी नहीं माने आखिर नदी में जाने के बाद उनकी सांस फूल गई और बाहर देखते ही देखते डूब गए थोड़ी देर बाद स्थानीय लोगों को जानकारी लगी और पुलिस को सूचना दी पुलिस भी मौके पर पहुंची। वहीं नदी में डूबे युवक के परिजन दो दिनो से नदी के किनारे बैठकर शव मिलने का इंतजार कर रहे थे और रो रो कर इन परिजनों के हाल बेहाल हो गया था और टकटकी लगाए नदी तरफ देख रहे थे।

### भोपाल, सिहोर की 15 सदस्यीय एसडीआरएफ की टीम कर रही थी सर्च

पार्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा ने बताया कि नागु पिता कीर्तन सिंह पारदी उम्र 45 वर्ष निवासी दीपलाखेड़ी अपने पुत्र के साथ पार्वती नदी में नहाने आया था वह पुत्र को और दामाद को नदी किनारे बैठकर नहाने गया था और उसने जीद की कि मुझे नदी के इस किनारे से उस किनारे तक जाना है वह जैसे ही नदी के बीच में पहुंचा तो सांस रुकने से डूब गया। वही सीहोर और भोपाल की 15 सदस्यीय एसडीआरएफ की टीम नदी में दो दिनो से युवक के शव की सर्चिंग कर रही है इस दौरान भोपाल एसडीआरएफ के



कमांडर चेतन कनोजी ने बताया की हमारे प्रयास जारी हैं और ऑक्सीजन डिप ड्राइवर के द्वारा 40 मिनिट के दो राउंडअप में नदी के भीतर जाकर भी सर्च किया लेकिन शव मिलने में सफलता नही मिली। लेकिन लगातार कोशिश के बाद टीम को युवक के शव को ढूंढने में सफलता गिल गई। इस दौरान आष्टा की पार्वती नदी में दो दीन से डूबे युवक का शव नहीं मिलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि भी पहुंच कर हालातों का जायजा ले रहे थे, जहां विधायक गोपाल इंजिनियर और नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधी राय सिंह मेवाड़ा भी पार्वती नदी पहुंचे और हालत से रूबरू हुए और परिजनों से मिलकर हर प्रकार की मदद की बात कही।

# सीआरपीएफ फोर्स के साथ क्षेत्र में निकाला फ्लैग मार्च

**निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न कराना है उद्देश्य**



**अहमदपुर/दोराहा।** ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख मार्गों से निकला फ्लैग मार्च।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर/दोराहा

थाना अहमदपुर पुलिस ने आगामी निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न कराने और कानून व्यवथा के दृष्टिगत सीआरपीएफ फोर्स के साथ क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। गौरतलब है की आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत संपूर्ण प्रदेश में आदर्श संहिता प्रभावशील है।

क्षेत्र में भय मुक्त वातावरण एवम आगामी निर्वाचन शांति पूर्ण रूप से संपन्न हो इस उद्देश से पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अहमदपुर उप निरीक्षक अविनाश भोपले द्वारा थाना अहमदपुर क्षेत्र में सीआरपीएफ फोर्स के साथ क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। अहमदपुर पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च थाना अहमदपुर परिसर से प्रारंभ कर ग्राम लोधीपुरा, ग्राम बरखेड़ा हसन के मुख्य मार्ग से निकाला गया। ग्राम अहमदपुर के मुख्य मार्ग व बाजार से होता हुआ थाना परिसर में समाप्त हुआ। अहमदपुर पुलिस द्वारा सीआरपीएफ फोर्स के साथ निकाला गए इस फ्लैग मार्च से क्षेत्रवासियों और ग्रामीणों में काफी उत्साह दिखा। जिन्होंने फ्लैग मार्च का जगह जगह स्वागत किया।

इस अवसर पर सीआरपीएफ फोर्स के निरीक्षक बिनित कपूर के जवान अधिकारी सहित उपनिरीक्षक अविनाश भोपले थाना प्रभारी अहमदपुर, सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, आरक्षक वीरेंद्र सिंह, आरक्षक राजा बाबू, आरक्षक फरीद, आरक्षक महेंद्र सहित थाने अहमदपुर का बल उपस्थित रहा।

## आज से कुबेरेश्वरधाम पर पंडित प्रदीप मिश्रा के पुत्र पंडित राघव मिश्रा करेंगे पांच दिवसीय कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा विश्व में प्रसिद्ध हैं। वैसे तो अध्यात्मिक जगत से जुड़े बहुत से कथावाचक हैं, लेकिन कहा जाता है कि पंडित श्री मिश्रा जी बहुत ही अद्भुत तरीके से शिव महापुराण कथा सुनाते हैं, जब ये कथा सुनाते हैं तो ऐसा प्रतीत होता है कि, इनकी वाणी में साक्षात सरस्वती जी का वास है।

उनकी शिव महापुराण कथा सुनने के लिए भक्तों का जनसैलाब उमड़ जाता और उस स्थान पर महाकुंभ लग जाता है। पिछले करीब 33 सालों से शिव महापुराण कथा करने वाले पंडित श्री मिश्रा ने बचपन से कई बार पुत्र को कथा में साथ ले जाते है इसलिए उनके पुत्र भजन गायक के साथ पवित्र ग्रन्थों का अध्ययन कर आध्यात्मिक ज्ञान को प्रखर बनाया। अब मंगलवार से वह कुबेरेश्वरधाम से अपनी शिव महापुराण का श्रीगणेश करेंगे। इस संबंध में विठलेश सेवा समिति के प्रबंधक समीर शुक्ला ने बताया कि



कुबेरेश्वरधाम पर नियमित रूप से हर रोज हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पर भव्य निर्माणाधीन शिवलिंग सहित अन्य के दर्शन करने आते है और उनकी मनोकामनाएं पूर्ण हो रही है। गत दिनों आष्टा में पंडित श्री मिश्रा महादेव की होली में शामिल होने गए थे, चल समारोह के दौरान श्रद्धालु की भूलवश नारियल लगने से लंबे समय से उनका इलाज चल रहा है और विशेषज्ञ डॉक्टरों ने रेस्ट करने को किया था। जिससे वह रेस्ट कर रहे है। धाम पर कथा और धार्मिक गतिविधियों में उनके सुपुत्र राघव मिश्रा के सानिध्य में मंगलवार से दोपहर तीन बजे से दो घंटे संगीतमय श्री महापुराण का आयोजन किया जाएगा। कुबेरेश्वरधाम पर भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के द्वारा अपने सुपुत्र को कथा की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। उनकी पहली कथा का श्रवण करने के लिए आऐंगे।

इसके लिए विठलेश सेवा समिति ने श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की है। इसके अलावा आगामी 15 मई से रुद्राक्ष वितरण का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए टेंट सिटी में धाम पर तैयारियां की जा रही है। धाम पर आधुनिक रसोई का निर्माण किया गया है। जिसमें मात्र कुछ घंटों में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं को भोजन प्रदान किया जाता है। इसके अलावा धाम पर आने वाले श्रद्धालुओं को नियमित रूप से गंने का रस, नीबू की ठड़ाई और दूध आदि की ठड़ाई का वितरण किया जाएगा। पंडित प्रदीप मिश्रा आगामी छह मई से महाराष्ट्र के परतवाड़ा जिला अमरावती महाराष्ट्र में कथा करने के लिए रवाना होंगे।

# मतदाता को मतदान के लिए जागरूक करने घर-घर दे रहे दस्तक



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

ग्राम पंचायत श्यामपुर की बीएजी टीम पंचायत सचिव, वीएलओ, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सहायिका, शिक्षक द्वारा घर-घर जाकर मतदाता पर्ची वितरण, मतदान के लिए शपथ और मतदाताओं को पीले चावल देकर 7 मई 2024 कौ मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं।

# नगर में जगह-जगह रास्ते जाम होने से आए दिन लोगों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर की सड़कों के अलावा अब गलियों में भी हाथ ठेले व वाहनों के खड़े होने से रास्ता जाम होने की नौबत आ जाती है। इस कारण रहवासियों को ही निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नगर का पुराना रहवासी क्षेत्र की गलियां भी अब अतिक्रमण की भेंट चढ़ने लगी है।

इस कारण लोगों गलियों से निकलने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। संकरी गलियों में भी वहीं रहने वाले लोग हाथ ठेले व ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़े कर लेते हैं। इस कारण उक्त मार्गों से बाइक व साइकिल निकलने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अमीन खान ने बताया कि नगर की शाहजानी मस्जिद गली में हमेशा ही ट्रैक्टर-ट्राली फंसे रहते हैं। हालांकि उन क्षेत्रों में अधिक दिक्कतें आती हैं जहां पर आने-जाने के लिए एक मात्र गली का सहारा लिया जाता है। कई मोहल्लों में तो सकरी गली होने के बाद भी लोगों ने अपने ओटलों को बढ़ाकर अतिक्रमण फैला रखा है। कई बार इससे विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है।

# विद्यार्थियों को वितरित किए प्रमाण-पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शासकीय महाविद्यालय में आईक्यूएसी विभाग व अंग्रेजी साहित्य के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय एड् ऑन कोर्स डायरेक्टर सपना साहू के निर्देशन में ऑन-लाईन संचालित किया गया। जिसमें अंग्रेजी साहित्य का इतिहास विषय विषेषज्ञ द्वारा विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। ऑन कोर्स में महाविद्यालय के 24 विद्यार्थियों के द्वारा भाग लिया गया। जिसका समापन सोमवार को किया गया। व विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार शुक्ल व महाविद्यालयीन स्टाफ मौजूद रहा।

# लूट, अपहरण के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अहमदपुर पुलिस ने लूट और अपहरण के 5 हजार रुपए के ईनामी फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक तीन अप्रैल को सचिन साहू निवासी अहमदपुर ने थाना को सूचना दी थी कि एस.के फ्युल पम्प अहमदपुर पर आरोपी काम करता है, शाम को मलखान मीणा एवं उसके अन्य दो साथी पलसर मोटर सायकल से आए और उसके साथ काम करने वाले सहदेव के साथ मारपीट करने लगे और उसे छुरा दिखा कर पैसे छीन लिये एवं उसे जबरदस्ती मोटर सायकल पर बैठा कर ले गए।

थाना प्रभारी अहमदपुर अविनाश भोपले ने कार्यवाही करते हुए घटना के मुख्य आरोपी मलखान एवं एक सह आरोपी प्रदीप गुर्जर को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन एक आरोपी प्रकाश गुर्जर फरार चल रहा था। जिस की गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास पुलिस द्वारा किए जा रहे थे। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु जन सहयोग



के दृष्टि से पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 हजार के ईनाम की घोषणा की गई थी। ईनामी आरोपी प्रकाश गुर्जर को गिरफ्तार कर घटना में लूटे रुपए बरामद कर लिए है। गौरतलब है की आरोपी मलखान मीणा एवं उसके सहयोगी द्वारा अहमदपुर दोराहा रोड पर स्थित पेट्रोल पम्प पर काम करने वाले कर्मचारियों के साथ लूट की वारदात करने की योजना बनाई गई थी। मलखान एवं उसके साथियो द्वारा योजना अनुरुप एक मोटर सायकल पर पेट्रोल पम्प पर पहुंचे एवं पेट्रोल पम्प पर काम करने वाले कर्मचारी जिसे रुपए जेब में रखते हुए देखा एवं योजना बद्ध तरीके से उसके साथ मारपीट कर चाकू की नोक पर लूट की घटना को अंजाम दिया गया। पकडे न जाने के डर से पेट्रोल पंप कर्मचारी को जबरदस्ती मोटर सायकल पर बैठा कर ले गए थे।

### नेमिनाथ मंदिर परिसर में मुनि सागर महाराज ने दिए आशीष वचन

# बिना लक्ष्य के मंजिल की प्राप्ति नहीं होती: मुनि सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हम सभी लोग संसार में रहकर मोक्ष मार्ग को प्रशस्त कर रहे हैं। लक्ष्य बनाकर जीएं, अन्यथा भटक जाओगे, बिना लक्ष्य के मंजिल की प्राप्ति नहीं। वक्त है,संभल गए तो जीवन सफल। बिना लक्ष्य के गंतव्य स्थान पर नहीं पहुंचेंगे।मोक्ष जाना चाहते हैं, बिना लक्ष्य के मोक्ष की प्राप्ति संभव नहीं। अनादिकाल से भटक रहे हैं। सही मार्ग पकड़ कर चलें।हम सही रास्ता पकड़े हैं,आप लोगों ने सही रास्ता नहीं पकड़ा है। हमें गुरुजी ने सही रास्ता दिखाया है।आप लोग भटके और अटके हुए हैं।आप लोगों को सदगुरू का सानिध्य मिला,अब भटके नहीं।

गृहस्थ आश्रम में रहकर भी कल्याण करें।मोक्ष मार्ग पर चलने वाले हो, भटकों नहीं। पुरुषार्थ का उदय करें, पुण्य होते हुए भी पुरुषार्थ करना होगा,बिना पुरुषार्थ के सफलता नहीं मिलती है। उक्त बातें नगर के श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर नेमि नगर साईं कॉलोनी में आशीष वचन देते हुए पूज्यनीय गुरुदेव समाधि सम्राट मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। प्रवचन



की जानकारी देते हुए समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने बताया कि मुनि सागर महाराज ने कहा समुद्र का पानी पीने योग्य नहीं, क्योंकि वह खारा है। नदी, सरिता का जल ही पीते हैं। साधु भी सरिता की तरह है,वह भी स्थिर नहीं रह सकते हैं। भाग्य हीन को न मिले। वर्ष 2011 से आष्टा से जुड़े हैं, आप लोगों को पूज्य गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज ससंघ का सानिध्य प्राप्त होता रहा।आप सभी के बहुत कुछ मिथ्यात्व, पाप क्षय हो गए। बहुत उन्नति हो गई और उन्नति करना है। किला मंदिर केंद्र सरकार की तरह हैं, वहां पर नित्य आराधना करने जावे।

कुछ लोगों को मंदिर, मूर्ति, साधु से जुड़ाव हो गया। तीन बार भोजन तो, तीन बार दर्शन भगवान के करने से पापों की हानि होगी और पुण्य का लाभ मिलेगा। आज साधन की कमी नहीं है, मंदिर घाट के समान है, यहां पापों को घोया जा सकता है। यहां संतों का सानिध्य प्राप्त होता रहता है। मुनि सागर महाराज ने कहा आने वाली पीढ़ी व संतान को पिच्छी कमंडल पकड़ने लायक बनाएं। हमारी संस्कृति, सभ्यता को देख कर चिंतन करें। सभी भगवान आदि पहाड़ से मोक्ष निर्वाण किया।किला मंदिर भी पहाड़ अर्थात आत्म कल्याण का क्षेत्र है। तीर्थ के समान है। मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज की समाधि से यह स्थान और अधिक पूज्यनीय हो गया। किला की महिमा बढ़ाने में मदद करें।धर्म क्षेत्र में आलस्य नहीं करें। मंदिर बनना लाभकारी है। हमारी संस्कृति मूर्ति पूजा की है।एक बने,नेक बने, पार्टी से बंधे देश हित का ध्यान रखें।पंथ से बंधे तो धर्म का ध्यान रखें।

# समर्थन मूल्य के खरीदी केंद्रों पर पसरा है सन्नाटा



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 25 मार्च से चालू की गई थी। लेकिन इस वर्ष गेहूं की उपज कम होने के कारण केंद्र पर गेहूं की आवक काम आ रही है। गेहूं का भाव तेज होने के कारण किसान अपनी उपज मंडी ले जा रहे हैं। जिससे केंद्र पर सन्नाटा पासरा हुआ है। वही 25 मार्च से 30 अप्रैल तक पगारिया सेंटर पर मां बिजासन वेयरहाउस पर 32000 क्विंटल गेहूं की आवक रही। खाचरोद सेंटर पर मां नर्मदा वेयरहाउस पर 19000 क्विंटल गेहूं की आवक रही। खामखेड़ा सेंटर पलक वेयरहाउस पर 19000 क्विंटल गेहूं की आवक रही। तीनों सेंटर के प्रभारी कमल सिंह ठाकुर, तुलसीराम बाड़ोलिया, राजकुमार शर्मा ने सभी किसानों से अपील की है कि वह अपना गेहूं साफ व सुखाकर लाये।